No. of Printed Pages/Questions: 2/ 5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1

(Round 2) (2026-2027)

Class V / Section: -------- **MM: 20**

Subject: ---------- **Time: 1 :00 Hrs**

Name: _____ Roll No.:_____

सामान्य निर्देश; सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (√) का निशान लगाइए | (1x 5 *5)*

झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई को घुड़सवारी के साथ-साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी | एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया | उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे | उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी,मगर रानी ने कुछ देर देखने के बाद एक घोड़े का दाम एक हजार रुपए दूसरे घोड़े का दाम पचास रुपए लगाया | व्यापारी ने आश्चर्य चकित होकर रानी से पूछा "रानी जी ,घोड़े की शक्ल ,रंग कद- काठी में कोई फर्क नहीं है | फिर भी आपने दाम में इतना फर्क क्यों कर दिया ? रानी ने कहा जिस घोड़े का दाम मैंने एक हजार लगाया है वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है | रानी की सूझ-बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ |

(I) रानी लक्ष्मी बाई को घुड़सवारी के साथ साथ किसकी अच्छी परख थी ?

क हाथी ख ऊँट

ग घोडा घ गधा

(ii) एक बार घोड़ों का एक ..... रानी के दरबार में आया |

क सरदार ख मुखिया

ग व्यापारी घ खरीददार

(iii) व्यापारी के पास कितने घोड़े थे ?

क दो ख चार

ग तीन घ पाँच

(iv) जिस घोड़े का दाम एक हजार था उसको क्या परेशानी थी ?

क बीमार था　　ख कुरूप था

ग सुंदर था　　घ अच्छा था

(v) रानी की किस बात से व्यापारी प्रभावित हुआ ?

क सूझ-बूझ　　ख गुस्से

ग ईमानदारी　　घ सुंदरता

प्रश्न 2 सही विकल्प पर (√) का निशान लगाइए |　　(1x *2 = 2)*

क व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क दुःख　　ख गुस्सा

ग कन्याकुमारी　　घ नदी

ख जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

क भारत　　ख फूल

ग हरियाली　　घ दक्षिण

प्रश्न 3 प्रश्नों का उत्तर लिखिए |　　(1x2 =2)

क 'बालक' का स्त्रीलिंग लिखिए |

ख 'अध्यापिका' का बहुवचन लिखिए |

प्रश्न 4 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए |　　(1x *3 = 3)*

लोग, बात, सिंहासन

प्रश्न 5 प्रश्नों का उत्तर लिखिए |　　(2 x 4 = 8)

क) मूर्ति ने राजा से क्या कहा ?

ख) उज्जैन कैसी नगरी है ?

ग) लोग राजदरबार के बजाय लड़के के पास न्याय के लिए क्यों जाते थे ?

घ) राजा विक्रमादित्य किस बात के लिए प्रसिद्ध थे ?